Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **कस्बा पीपलु में दीपक सिंह यादव सहायक हेल्पर प्रथम (स्टोर कीपर) कार्यालय सहायक अभियन्ता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पीपलु जिला टोंक 8,000/— रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 11 नवम्बर, मंगलवार। को ए.सी.बी. मुख्यालय जयपुर, के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोक इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **दीपक सिंह यादव हाल अग्रवाल अस्पताल के पास कस्बा टोंक जिला टोंक हाल सहायक हेल्पर प्रथम (स्टोर कीपर) कार्यालय सहायक अभियन्ता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पीपलु जिला टोंक को 8,000/— रूपये** रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के खेत पर नया विद्युत कनेक्शन स्वीकृत हुआ था। डी.पी. के अलावा अन्य सामान इश्यू किये जा चुके थे। दिनांक 10.11.2025 को डी.पी. जारी करने के आदेश हो चुके थे। आरोपी दीपक यादव सहायक हेल्पर प्रथम (स्टोर कीपर) कार्यालय सहायक अभियन्ता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पीपलु जिला टोंक द्वारा डीपी देने की एवज में 10,000/— रूपये रिश्वत राशि मांग कर परिवादी को परेशान किया जा रहा था। दिनांक 11.11.2025 को वक्त मांग सत्यापन आरोपी द्वारा 10,000/— रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परिवादी द्वारा कम करने की कहने पर 8,000/— रूपये रिश्वत की मांग की जाकर रिश्वत राशि देने पर परिवादी को डी.पी. देने हेतु कहां।

जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के **पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** सुपरवीजन में टी.एल.ओ. **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री झाबर मल** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक सिंह यादव हाल सहायक हेल्पर प्रथम ने आज परिवादी से 8,000/— रूपये रिश्वत राशि अपने कार्यालय की टेबल पर रखे कागज पर परिवादी से रखवायी गई तथा ए.ई.एन. कार्यालय पीपलु में चले रहे निर्माण कार्य में से अज्ञात मजदूर को रिश्वत राशि टेबल से उठाकर भगा दिया। काफी तलाश करने पर रिश्वत राशि ए.ई.एन. कार्यालय से नाथडी चौराहे पर जाने वाले आम सडक पर करीब 150—200 मीटर की दूरी पर स्थित बोपता खाल के पास आम रोड के दाहिनी साईड के गढ्ढे से बरामद हुई। आरोपी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण